जनपद - संतकबीरनगर　　　　　　प्रेस विज्ञप्ति　　　　　　दिनॉक 19.03.2023

आज दिनांक 19.03.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर **श्री अखिल कुमार** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती **श्री आर0के0 भारद्वाज** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर **श्री सत्यजीत गुप्ता** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सन्तकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

थाना बखिरा पुलिस द्वारा युवती पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

थाना बखिरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 93 / 2023 धारा 326 भादवि व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट से संबंधित अभियुक्त नाम पता विपुल पाठक पुत्र चिन्तामणि पाठक निवासी छपिया अव्वल थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा दिनांक 17.03.2023 को वादिनी के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ फेक दिया गया था, जिसके संबंध में वादिनी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था, बखिरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त आरोपी अभियुक्त को आज दिनांक 19.03.2023 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस का विवरणः- प्रभारी चौकी बखिरा उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, कां0 कपिलदेव गौड़।

फरार चल रहे वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 02 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर **श्री सत्यजीत गुप्ता** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत **थाना धनघटा पुलिस** द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्त नाम पता 1- कमला यादव पुत्र राजे यादव निवासी बछईपुर थाना धनघटा, 2-प्रदीप पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी नन्हिया थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, उ0नि0 श्री गामा यादव मय हमराह।

शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) मे 23 अभियुक्त गिरफ्तार

- **थाना धनघटा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना बखिरा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 11 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना मेहदावल पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 06 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 77 वाहनो से 76,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 19.03.2023 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 77 वाहनों से 76,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।